>

Title: Need to accord permission for construction of multi-level and underground parking complexes in Delhi.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): दिल्ली में पार्किंग की सबसे बड़ी समस्या है। लगातार वाहन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं और इससे होने वाली दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। वाहनों की संख्या के हिसाब से पार्किंग बनाने के लिए योजना तैयार की गई थी। इस योजना को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत स्वीकार किया गया था। लेकिन अब तक यूनाइटेड ट्रैफिक एंड ट्रंसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर (प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग) सेंटर से योजनाओं को स्वीकृति नहीं मिली है राजधानी में बनने वाली मल्टीलेवल व अंडरग्राउडं पार्किंग के लिए जो 8027 करोड़ रुपए दिल्ली सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। यदि इस योजना पर 2012 तक काम शुरू नहीं किया गया तो वह पैसा बेकार चला जाएगा।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजा गार्डन, राजौरी गार्डन आदि जहां भी मल्टीलेवल व अंडरग्राउंड पार्किंग बननी है उन्हें यूनाइटेड ट्रैफिक एंड ट्रंसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर (प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग0 सेंटर से यथाशीघ्र मंजूरी दी जाए ताकि राजधानी में पार्किंग के बढ़ते संकट को दूर किया जा सके।